प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, मुख्यालय, में मनाया गया हिंदी दिवस

14 सितंबर, 2021 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय, नई दिल्ली में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन बल के महानिदेशक श्री कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में बल के सभी जोन एवं सेक्टर कार्यालय भी वेबीनार के माध्यम से जुड़े।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष महोदय ने माननीय गृह मंत्री का राजभाषा संदेश पढ़कर सुनाया एवं उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने राजभाषा प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक महोदय ने राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता वर्ष 2020–21 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मध्य सेक्टर एवं कोबरा सेक्टर के महानिरीक्षकों को एवं महानिदेशालय के संभरण एवं संगठन अनुभागों के उप महानिरीक्षकों को राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। हिंदी पखवाड़े में आयोजित की गईं विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी किए गए सीआरपीएफ समाचार के राजभाषा विशेषांक का भी विमोचन इस कार्यक्रम में किया गया। अपने उद्‌बोधन में महानिदेशक ने राजभाषा का महत्व बताते हुए राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने में हिंदी के योगदान का उल्लेख किया और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की राजभाषा हिंदी के उत्थान में भूमिका की सराहना की। उन्होंने माननीय गृह मंत्री जी के हिंदी दिवस के अवसर पर प्राप्त संदेश में हिंदी को बढ़ावा देने संबंधी दिए गए निर्देशों का भी अक्षरशः पालन करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम के दौरान श्री संजय चन्द्र, विशेष महानिदेशक (निर्माण), श्री जुल्फिकार हसन, विशेष महानिदेशक (मुख्यालय एवं परिचालन) सहित सभी महानिरीक्षक एवं अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

हिंदी दिवस

राजभाषा प्रतिज्ञा
भारतीय संविधान के